रोल नं. ......................

# 1227-A

## कक्षा 12वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

## व्यवसाय अध्ययन–310

### (माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23) (कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)

(समय : 03 घण्टे) (पूर्णांक : 80)

*निर्देश –*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे।*

*(iii) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।*

*(iv) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं।*

*(v) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।*

*(vi) प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प चुनिए – (1×6)

(i) प्रबंध के कितने स्तर होते हैं?

(अ) एक (ब) चार

(स) दो (द) तीन

(ii) प्रबंध के सिद्धांतों की रचना किस प्रकार से की जाती है?

(अ) प्रयोगशाला में (ब) प्रबंधकों के अनुभव द्वारा

(स) ग्राहकों के अनुभव द्वारा (द) समाजिक वैज्ञानिक के द्वारा

(iii) नियोजन का उद्देश्य है –

(अ) स्वस्थ प्रतिस्पर्धा (ब) पूर्वानुमान करना

(स) संसाधनों का अनुकूलतम वितरण (द) उपर्युक्त सभी

(iv) नियोजन के तत्व हैं –

(अ) लक्ष्य एवं उद्देश्य (ब) नीतियां

(स) नियम (द) उपर्युक्त सभी

(v) अधिकार अंतरण होता है –

(अ) अधिकार का (ब) उत्तरदायित्व का

(स) जवाबदेही का (द) इनमें से कोई नहीं

(vi) महाविद्यालय से भर्ती, भर्ती का कौनसा स्त्रोत है?

(अ) आंतरिक (ब) बाह्य

(स) दोनों (द) दोनों नहीं

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×7=7)

(i) प्रबंध द्वारा पूर्व निर्धारित ........................................ को प्राप्त किया जाता है।

(ii) प्रबंध दूसरों से कार्य कराने की ........................................ है।

(iii) गति अध्ययन करते समय ........................................ का उपयोग किया जाता है।

(iv) व्यावसायिक पर्यावरण में ........................................ सम्मिलित है।

(v) परिवार का गठन ........................................ पर्यावरण का घटक है।

(vi) .............................. संगठन में अधिकार एवं कर्त्तव्य की स्पष्ट व्याख्या की जाती है।

(vii) नियुक्तिकरण प्रबंध का ........................................ के प्रति दायित्व है।

प्र.3 सही जोड़ियां बनाइए – (1×6=6)

| कॉलम–(अ) | कॉलम–(ब) |
|---|---|
| (i) नीतिनिर्धारण | (अ) समान व्यवहार |
| (ii) विशिष्टीकरण | (ब) उच्चस्तरीय प्रबंध |
| (iii) लाभार्जन | (स) देश का संविधान |
| (iv) आर्थिक पर्यावरण | (द) कार्य विभाजन |
| (v) राजनीतिक पर्यावरण | (इ) अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति |
| (vi) समता का सिद्धांत | (फ) आर्थिक उद्देश्य |

प्र.4 सत्य/असत्य में उत्तर लिखिए – (1×6=6)

(i) प्रबंध भौतिक शास्त्र व रसायन शास्त्र की तरह ही पूर्ण विज्ञान है।

(ii) वैज्ञानिक प्रबंध को लागू करने से उत्पादन में वृद्धि होती है।

(iii) शैक्षणिक पद्धति एवं साक्षरता दर आर्थिक पर्यावरण के पहलू हैं।

(iv) वस्तु एवं सेवाओं के सभी निर्यात पर, कर की समाप्ति सामाजिक वातावरण का पहलू है।

(v) विकेन्द्रीयकरण में अधीनस्थों द्वारा निर्णय लिए जाते हैं।

(vi) नियुक्तिकरण को प्रबंधन का कार्मिक फलन भी कहते हैं।

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×7=7)

(i) प्रबंध किस प्रकार का प्रयास है?

(ii) प्रबंध के सिद्धांत कहां – कहां लागू होते हैं?

(iii) नियोजन में सबसे पहला कार्य क्या होता है?

(iv) बजट को किस रूप में व्यक्त किया जाता है?

(v) ऐसी संस्था जो विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाती है, उसे कौन सा संगठन अपनाना चाहिए?

(vi) कार्यस्थल पर प्रशिक्षण कहां दिया जाता है?

(vii) कर्मचारियों के वर्तमान एवं भविष्य के निष्पादन स्तर के सुधार हेतु की जाने वाली प्रक्रिया क्या कहलाती है?

प्र.6 प्रबंध की परिभाषा दीजिए। (2)

<u>अथवा</u>

'प्रबंध सार्वभौमिक है।' स्पष्ट कीजिए।

प्र.7 पेशे की दो विशेषताएं लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

'प्रबंध सामाजिक प्रक्रिया है।' समझाइए।

प्र.8 प्रबंध के किन्हीं 2 उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। (2)

<u>अथवा</u>

प्रबंध के 2 मुख्य कार्य लिखिए।

प्र.9 व्यावसायिक पर्यावरण को परिभाषित कीजिए। (2)

<u>अथवा</u>

'व्यावसायिक पर्यावरण की प्रकृति गतिशील होती है।' स्पष्ट कीजिए।

प्र.10 व्यावसायिक पर्यावरण के संदर्भ में निम्न बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए। (2)

(अ) गतिशीलता

(ब) अनिश्चितता

**अथवा**

व्यावसायिक पर्यावरण के संदर्भ में निम्न को स्पष्ट कीजिए –

(अ) तुलनात्मकता

(ब) पारस्परिक संबंध

प्र.11 प्रौद्योगिकी पर्यावरण के किन्हीं दो पहलुओं के नाम लिखो। (2)

**अथवा**

व्यावसायिक पर्यावरण का महत्व स्पष्ट कीजिए।

प्र.12 नियोजन से क्या आशय है? (2)

**अथवा**

कार्यक्रम का अर्थ लिखिए।

प्र.13 अधिकार अंतरण एवं विकेन्द्रीयकरण में 2 अंतर बताइए। (2)

**अथवा**

औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन में 2 अंतर लिखिए।

प्र.14 अधिकार अंतरण की 2 विशेषताएं बताइए। (2

**अथवा**

विकेन्द्रीयकरण की 2 विशेषताएं बताइए।

प्र.15 संगठन के दो सिद्धांत लिखिए। (2)

अथवा

संगठन की दो परिभाषाएं लिखिए।

प्र.16 समय अध्ययन और गति अध्ययन में अंतर स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

आदेश की एकता के सिद्धांत तथा निर्देश की एकता के सिद्धांत में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र.17 टेलर एवं फेयोल के प्रबंध संबंधी दृष्टिकोणों में प्रमुख समानताएं बताइए। (3)

अथवा

टेलर एवं फेयोल के प्रबंध संबंधी सिद्धांतों की प्रमुख असमानताएं बताइए।

प्र.18 'क्या नियोजन समय नष्ट करने वाली प्रक्रिया है?' व्याख्या कीजिए। (3)

अथवा

'नियोजन सफलता का आश्वासन नहीं है।' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

प्र.19 भर्ती एवं चयन दोनों एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं? (3)

अथवा

भर्ती के आंतरिक स्त्रोतों की कोई तीन कमियां बताइए।

प्र.20 टेलर के वैज्ञानिक प्रबंध के सिद्धांतों को समझाइए। (4)

**अथवा**

हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों को समझाइए।

प्र.21 नीतियों एवं नियमों में अंतर लिखिए। (4)

**अथवा**

योजना प्रक्रिया में प्रबंधन द्वारा उठाए जाने वाले कदम कौन–कौन से हैं?

प्र.22 नियोजन का महत्त्व लिखिए। (4)

**अथवा**

नियोजन की विशेषताएं लिखिए।

प्र.23 प्रशिक्षण के किन्हीं चार विधियों का वर्णन कीजिए। (4)

**अथवा**

एक गुणवत्तापूर्ण नियुक्तिकरण से संगठन को होने वाले लाभों को समझाइए।

-----------------------------------------------